# हिन्दी प्रादेशिक समाचार

# आकाशवाणी चंडीगढ़

## (तिथि 22 फ़रवरी 2026, समय 1810 (10 मिनट)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा - AI शिखर सम्मलेन में विश्व को AI के क्षेत्र में भारत की अद्भुत क्षमताओं को देखने का अवसर मिला।

श्री मोदी ने श्रोताओं को डिजिटल अरेस्ट, फर्जी कॉल, SMS और फर्जी लिंक के प्रति आगाह किया।

प्रधानमंत्री ने लोगों को रमजान के पवित्र महीने और आगामी होली के त्यौहार की शुभकामनाएं दी - वोकल फॉर लोकल के मंत्र को दोहराया।

हरियाणा के कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा - मन की बात कार्क्रम केवल संवाद का माध्यम नहीं, चुपचाप राष्ट्र निर्माण में योगदान दे रहे नायकों को पहचान दिलाने का मंच है।

---------------------------------------------------------------------------

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि इंडिया एआई इम्पैक्ट सम्मेलन भविष्य में विश्व स्तर पर एआई की शक्ति के उपयोग की दिशा में महत्वपूर्ण पड़ाव साबित हुआ है। आकाशवाणी से अपने मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने कहा कि इंडिया एआई प्रदर्शनी में विश्व नेताओं को बहुत प्रभावित किया।

श्री मोदी ने कहा विश्व भर के नेता यह देखकर आश्चर्यचकित हुए कि भारत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की सहायता से प्राचीन ग्रंथों, ज्ञान और पांडुलिपियों का संरक्षण कर रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि शिखर सम्मेलन में विश्व को एआई के क्षेत्र में भारत की अद्भुत क्षमताओं को देखने का अवसर मिला।

वर्तमान टी-20 क्रिकेट विश्व कप के बारे में श्री मोदी ने कहा कि इस चैंपियनशिप में भारतीय मूल के कई खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने केरल की एक दस महीने की बच्ची, आलिन के निधन पर उसके पिता अरुण अब्राहम और माता शेरिन के आलिन के अंगदान करने के फैसले की प्रशंसा की।

श्री मोदी ने कहा कि एक नेक काम अनगिनत लोगों का जीवन बदल सकता है।

प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति भवन में कल राजगोपालाचारी उत्सव मनाए जाने का जिक्र भी किया। श्री मोदी ने कहा राष्ट्रपति भवन में ब्रिटिश वास्तुकार एडविन लुटियंस की प्रतिमा के स्थान पर सी. राजगोपालाचारी की प्रतिमा स्थापित की जाएगी।

प्रधानमंत्री ने श्रोताओं को डिजिटल अरेस्ट, फर्जी कॉल, एसएमएस और फर्जी लिंक के प्रति आगाह किया और सतर्क रहने को कहा।

उन्होंने लोगों से समय-समय पर अपना पासवर्ड बदलते रहने का भी आग्रह किया।

प्रधानमंत्री ने सभी को रमज़ान के पवित्र महीने की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने आगामी होली के त्यौहार की भी शुभकामनाएं दीं। श्री मोदी ने 'वोकल फॉर लोकल' के मंत्र को भी दोहराया। उन्होंने कहा कि स्वदेशी उत्पादों की खरीदारी देश को आत्मनिर्भर बनाने के अभियान में सहायक है।

प्रधानमंत्री ने किसानों पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा वे अब न केवल उत्पादन पर बल्कि गुणवत्ता, मूल्यवर्धन और नए बाजारों पर भी ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। श्री मोदी ने कहा कि आज भारत 15 करोड़ टन से अधिक चावल के उत्पादन के साथ विश्व का सबसे बड़ा चावल उत्पादक देश बन गया है। उन्होंने

कहा कि भारत अपनी आवश्यकताओं को पूरा करने के साथ वैश्विक खाद्य भंडार में भी योगदान दे रहा है।

---------------------------------------------------------------------------

हरियाणा के लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने हिसार में मिल गेट पर लोगों के साथ मन की बात कार्यक्रम सुना। श्री गंगवा ने कहा कि 'मन की बात' कार्यक्रम देश के कोने-कोने में सकारात्मक ऊर्जा और प्रेरणा का संचार करता है। यह कार्यक्रम केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि समाज के उन अनदेखे नायकों को पहचान दिलाने का सशक्त मंच है, जो चुपचाप राष्ट्र निर्माण में योगदान दे रहे हैं।

मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री का यह कार्यक्रम नागरिकों को राष्ट्रहित के कार्यों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करता है।

---------------------------------------------------------------------------

भिवानी जिले में भाजपा जिला अध्यक्ष विरेंद्र कौशिक के नेतृत्व में जिला भर के विभिन्न बूथों और सार्वजनिक स्थानों पर हजारों कार्यकर्ताओं व आम जनता ने प्रधानमंत्री के संबोधन को सुना। श्री विरेंद्र कौशिक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मन की बात कार्यक्रम केवल एक संवाद नहीं है, बल्कि लोगों को प्रेरित करने का मंच है।

पलवल के गांव कुस्लीपुर में मन की बात कार्यक्रम सुनने के बाद खेल राज्यमंत्री गौरव गौतम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा इस कार्यक्रम में उठाए गए मुद्दों से जनता को काफी प्रेरणा मिलती है।

अम्बाला छावनी की शास्त्री कॉलोनी में मन की बात कार्यक्रम सुनने के बाद भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री फणीन्द्र नाथ शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी "मन की बात" कार्यक्रम में विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से देश और जनहित में कई संदेश देते हैं ।

---------------------------------------------------------------------------

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज दिल्ली के मंगोलपुरी में अंतरराष्ट्रीय सैनी भवन का उद्घाटन किया। उन्होंने इस भवन में स्थापित की गई महात्मा बुद्ध, महात्मा ज्योतिराव फुले, माता सावित्री बाई फुले, महाराज शूर सैन की प्रतिमाओं का अनावरण भी किया। उन्होंने सावित्रीबाई ज्योतिराव फुले ट्रस्ट को 51 लाख रुपये देने की घोषणा भी की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह प्रतिमाएं याद दिलाती रहेंगी कि शिक्षा से बड़ा कोई हथियार नहीं है, समानता से बड़ा कोई धर्म नहीं है और मानवता से बड़ा कोई राष्ट्र धर्म नहीं है। उन्होंने सभी से बेटियों को आगे बढ़ाने और शिक्षा को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का संकल्प लेने का आह्वान।

---------------------------------------------------------------------------

हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा भविष्य में शिक्षा पर और ध्यान दिया जाएगा। जहां जरूरत होगी उन सभी स्कूलों में नए भवन बनवाए जाएंगे। आगामी दो साल में जहां भी जमीन उपलब्ध होगी वहां महिलाओं के लिए चौपाल बनवाई जाएंगी।

श्री कल्याण आज करनाल के अमृतपुर कलां गांव में पौने दो करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले सामुदायिक केंद्र का शिलान्यास करने के बाद संबोधित कर रहे थे। पंचायती राज विभाग की ओर से इस केंद्र का निर्माण कार्य 15 महीने के अंदर पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

---------------------------------------------------------------------------

चंडीगढ़ ललित कला अकादमी द्वारा 'वॉइसेस ऑफ़ रेज़िलिएंस' शीर्षक से सेक्टर 17 अंडर पास में एक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है , जिसमें 23 प्रतिभाशाली दिव्यांग कलाकारों की कृतियां प्रदर्शित की गई है। ललित कला अकादमी के अध्यक्ष श्री भीम मल्होत्रा ने बताया कि 24 फरवरी तक चलने वाली इस प्रदर्शनी में उन कलाकारों की कृतियों को उजागर करने के लिए मंच उपलब्ध कराया गया है जिन्होंने शारीरिक चुनौतियों पर विजय प्राप्त की है।